रविवार

04 जून, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज





मच्छरों से बचाव ही मलेरिया की संभावना को करेगा दूर 2




### ओडिशा के बालासोर में बहनागा बाजार स्टेशन के पास तीन ट्रेनों के बीच हुई भीषण टक्कर, 900 से अधिक लोग घायल

# ओडिशा में भयानक रेल हादसा, 288 लोगों की मौत

- शुक्रवार की शाम सात बजे हुआ यह हादसा भारतीय रेल इतिहास का अब तक का चौथा सबसे भीषण हादसा
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद घायलों से मिले बोले- दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

**एजेंसी/भुवनेश्वर**

ओडिशा के बालासोर में बहनागा बाजार स्टेशन के पास शुक्रवार की शाम करीब सात बजे भीषण रेल हादसे में अब तक 288 लोगों की जानें जा चुकी हैं। वहीं 900 से अधिक लोग घायल हुए हैं। ट्रेनों की टक्कर इतनी जोरदार थी कि कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतरी और उसके कई डिब्बे मालगाड़ी पर चढ़ गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पहले हावड़ा-बंगलुरु ट्रेन के कई कोच पटरी से उतरे और दूसरे ट्रैक पर शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस से टकरा गए। इसके बाद कोरोमंडल ट्रेन के कोच भी पटरी से उतर गए और बगल से गुजर रही मालगाड़ी से टकरा गए। रेल मंत्रालय ने मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे का एलान किया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए 2 लाख रुपए और मामूली चोटों वाले लोगों के लिए 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। वहीं पीएम मोदी ने भी प्रत्येक मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की है।

हादसे के तुरंत बाद युद्धस्तर पर बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिया गया। भारतीय सेना के कर्नल एसके दत्ता ने बताया कि सेना बीती रात से ही राहत और बचाव कार्यों में जुटी है और कोलकाता से और सैन्यकर्मियों को बुलाया गया है। वहीं हादसे को लेकर पीएम मोदी ने बैठक बुलाई है। हादसे के बाद बहनागा बजार इलाके में रातभर चीखपुकार मची रही. ट्रेन के डिब्बों के मलबे में कई शव फंसे हुए थे। एनडीआरएफ को बोगियों के बीच चिपके शवों को निकालने के लिए गैस कटर का इस्तेमाल करना पड़ा।





## ओडिशा पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने स्थिति का लिया जायजा, घायलों से मिले

इस घटना के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद ओडिशा पहुंचे। इस दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे और उन्होंने हालात का जायजा लिया। हादसे की गंभीरता को देखते हुए युद्धस्तर पर बचाव और राहत कार्य चल रहे हैं और सेना को भी बचाव कार्यों में लगा दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बालासोर ट्रेन दुर्घटना स्थल पर स्थिति का जायजा लेने के बाद दुर्घटना में घायल हुए लोगों से मिलने के लिए बालासोर के एक अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और मदद का आश्वासन दिया। इसे पहले, पीएम नरेंद्र मोदी ने घटनास्थल से कैबिनेट सचिव और स्वास्थ्य मंत्री से बात की। उन्होंने उनसे घायलों और उनके परिवारों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने को कहा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि शोक संतप्त परिवारों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

## पीएम बोले... जिन लोगों ने अपना जीवन खोया है ये बहुत दर्दनाक

अस्पताल पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि जिन लोगों ने अपना जीवन खोया है ये बहुत दर्दनाक था। जो लोग घायल हुए हैं सरकार उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। यह एक गंभीर घटना है। हर प्रकार की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इस घटना के जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान उन्होंने रेलवे, ओडिशा सरकार और स्थानीय लोगों का मौजूद संसाधनों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि मेरे पास शब्द नहीं है, इस दुख को व्यक्त करने के लिए। दुख की इस घड़ी में हम सभी को प्रार्थना करनी चाहिए, ताकि हम इससे उबर सकें। हम मृतकों के परिजनों से साथ हैं। प्रधानमंत्री ने ओडिशा की राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री प्रमिला मलिक के साथ-साथ स्थानीय पुलिस प्रमुख से भी बातचीत की।

## अहले सुबह 3 बजे तक 100 पार कर चुका था मृतकों का आंकड़ा

तड़के 3.00 बजे बचाव कार्य जब चल रहा था, तबतक एनडीआरएफ के कर्मी कई शवों को निकाल चुके थे। मलबे से शवों को निकालने के लिए टीम गैस कटर का इस्तेमाल कर रही थी। वहीं, मंत्री मानश भुइंया के नेतृत्व में बंगाल सरकार की एक टीम मौके पर पहुंची। उधर, कटक के डीसीपी पिनाक मिश्रा ने कहा कि, कटक में एक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल है, इसलिए अधिक घायलों को यहां स्थानांतरित किए जाने की संभावना को लेकर अस्पताल अलर्ट है और कटक की पूरी टीम तैयार है। उन्होंने कहा कि 'हमने सुरक्षा व्यवस्था की है ताकि यहां आने वाले घायलों को बिना किसी परेशानी के प्रवेश मिल सके। उधर, रेल दुर्घटना में घायल हुए लोगों को रक्तदान करने के लिए जिला मुख्यालय अस्पताल, भद्रक में कई रक्तदाता इकट्ठे हो गए थे।

## रेल मंत्री से इस्तीफे की मांग, हादसे के कारणों के जांच के आदेश

विपक्षी दलों ने ओडिशा में हुए भीषण रेल हादसे को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग की है. उधर सीपीआई सांसद ने सरकार पर सिर्फ लग्जरी ट्रेनों पर ध्यान देने का आरोप लगाया है। सांसद बिनोय विश्वम ने कहा है कि, 'सरकार का फोकस सिर्फ लग्जरी ट्रेनों पर है। आम लोगों की रेलगाड़ियों और पटरियों की उपेक्षा की जाती है। ओडिशा में मौतें उसी का परिणाम हैं। वहीं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णन ने कहा कि, 'मैंने यह पता लगाने के लिए एक उच्च-स्तरीय जांच करने का आदेश दिया है कि यह दुर्घटना क्यों हुई. इसके मूल कारण तक पहुंचना महत्वपूर्ण है।

**ये है घटना की वजह:** किसी तकनीकी खराबी की वजह से कोरोमंडल एक्सप्रेस को हरा सिग्नल दिया गया या फिर तकनीकी गड़बड़ी से ही यह ट्रेन मेन लाइन को छोड़कर लूप लाइन पर चली गई, जिससे यह हादसा हुआ है।

## पूर्णिया में बारातियों से भरी बस ट्रक से टकरायी, पांच की मौत

**एजेंसी/पूर्णिया**

पूर्णिया में शनिवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हो गया, जहां बारातियों को लेकर जा रही गाड़ी नेशनल हाईवे पर किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य 9 लोग घायल बताए जा रहे हैं। इनमें से कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है जिनका इलाज पूर्णिया के मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

बताया जा रहा है कि अररिया से खगड़िया की ओर बारात जा रही थी। इसी क्रम में पूर्णिया के मरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास रोड पर अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई जिससे उसमें सवार 3 बुजुर्ग और 2 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। गाड़ी में कुल 14 लोग सवार थे। घटना के संबंध में सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने बताया कि अररिया के जोकीहाट स्थित भनसिया गांव से असलम की बारात खगड़िया जा रही थी। मरंगा थाना क्षेत्र के बायपास रोड पर शनिवार दोपहर करीब 1 बजे से 2 बजे के बीच ये हादसा हुआ है।

**मृतकों के परिजनों को मिलेगा 5 लाख मुआवजा:** मृतकों के परिजनों को परिवहन विभाग की ओर से 5 लाख का मुआवजा दिया जाएगा। घटना पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## मुझे समाप्त करने की फिराक में हैं सियासी ताकतें: चिराग पासवान

**खगड़िया।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान शुक्रवार को खगड़िया में थे। इस दौरान वह महागठबंधन सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि आज भी कई बड़ी सियासी ताकतें इस फिराक में लगी हुई हैं कि कैसे मुझे समाप्त कर दिया जाए। आखिर उन सबको मुझसे इतनी नफरत क्यों, क्या कसूर है मेरा? मेरा कसूर बस इतना ही है न कि मैं बिहार में बेहतर शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की बात करता हूं. बिहार मे ही बिहारियों को रोजगार देने की बात करता हूं। यहां के किसानों और मजदूरों के हक, महिलाओं की सुरक्षा, बुजुर्गों के सम्मान और युवाओं के बेहतर भविष्य की बात करता हूं। बस यही कसूर है।

## बिहार को बचाना है तो नीतीश मुक्त बनाना होगा : सम्राट

**एजेंसी/इंफाल**

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी शुक्रवार को जमुई पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश हर क्षेत्र में उन्नति कर रहा है। देश ही नहीं दुनिया में भी आज प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के नौ साल के कार्यकाल में ऐतिहासिक काम हुए हैं। बीजेपी सबका साथ और सबका विकास में विश्वास रखती है।

प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बिहार को बचाना है तो नीतीश मुक्त बनाना होगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार मेमोरी लॉस के शिकार हैं। नीतीश की पार्टी का 2024 और 2025 में खाता नहीं खुलने वाला है। उन्हें खुद याद नहीं है कि ये मुख्यमंत्री हैं कि प्रधानमंत्री हैं या गृहमंत्री हैं। मुख्यमंत्री मेमोरी लॉस सीएम हो चुके हैं। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चूकी है। अपराधी दिनदहाड़े अपराधी वारदातों को अंजाम देकर भाग जा रहे हैं। 2024 के लोकसभा और 2025 के चुनावों में राज्य में कमल खिलेगा और बीजेपी की सरकार बनेगी। वहीं, बीजेपी की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री को लेकर किए सवाल पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनाना केंद्रीय नेतृत्व का काम है. बीजेपी का मंडल अध्यक्ष भी नीतीश कुमार से बेहतर मुख्यमंत्री होगा।






### राजकीय परिवहन सेवा के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सीएम योगी ने 100 बसों को दिखाई हरी झंडी

# एक-एक व्यक्ति की कीमत हमारे लिए महत्वपूर्ण: सीएम योगी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को परिवहन निगम की 100 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें 93 बसें राजधानी एक्सप्रेस सेवा की और 7 बसे साधारण बस सेवा की हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ में किया गया। ये कार्यक्रम राजकीय परिवहन सेवा के 50 साल पूरे होने पर किया गया। एक जून 1972 को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के रूप में आगे बढ़ी थी।



इस मौके पर सीएम योगी ने कहा, देश की सबसे बड़ी आबादी के राज्य में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सबसे बड़ी इकाई के रूप में कार्य करते हुए 50 वर्ष की अपनी शानदार यात्रा को आगे बढ़ाते हुए लगातार कार्य कर रही है। व्यापक जागरूकता व सड़क के लिए निर्धारित नियमों का पालन करने से हम असंख्य लोगों की जान बचा सकते हैं। एक-एक जान हमारे लिए बहुमूल्य है, एक-एक व्यक्ति की कीमत हमारे लिए महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने कहा, हर व्यक्ति अपने परिवार, समाज व राष्ट्र के लिए अमूल्य निधि है, इसलिए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक जागरूकता का अभियान प्रारंभ करना होगा, अगर हम यह करते हैं तो वास्तव में यह राष्ट्रीय कार्यक्रम होगा। प्रत्येक गांव व शहर को हम बेहतरीन बस सेवा के साथ जोड़ लेंगे तो उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु की दर को न्यूनतम स्तर पर लाने में सफल होंगे।

ओडिसा की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, भीषण रेल दुर्घटना में अनेक यात्रियों की मृत्यु हुई है। जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है उन सबके प्रति मैं व उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं, जो लोग इस दुर्घटना में गंभीर रूप में घायल हुए हैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी करता हूं।

## खबरें फटाफट

### मारपीट और गोलीबारी के मामले में दोनों पक्षों के दो आरोपित गिरफ्तार

**आरा।** धोबहां ओपी क्षेत्र के बसंतपुर गांव में सरकारी नल पर पानी भरने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट और गोलीबारी के मामले में पुलिस की ओर से कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। उस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। फायरिंग में इस्तेमाल एक डबल बैरल बंदूक और आठ गोलियां जब्त कर ली गयी है। वहीं घटनास्थल से खोखा भी बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपितों बसंतपुर गांव निवासी सोनू सिंह और चंदन सिंह शामिल हैं। एसपी प्रमोद कुमार की ओर शनिवार को यह जानकारी दी गयी। इधर, इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। बता दें कि गुरुवार की रात सरकारी नल पर पानी भरने को लेकर उपजे विवाद में बसंतपुर गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग हुई थी। उसमें एक पक्ष के गोलू सिंह को छर्रा लग गया जबकि दूसरे पक्ष के राम प्रकाश सिंह (सोनू सिंह के चाचा) का सर फट गया। फिलहाल दोनों का इलाज चल रहा है। दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है। घटना की सूचना मिलते ही स्थ ओपी इंचार्ज घटनास्थल पर पहुंच गए थे।?वहां से चार खोखा भी बरामद किया गया था। इस मामले में आरोपित एक पक्ष को सोनू सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एक दोनाली बंदूक और आठ गोलियां बरामद की गयी। वहीं दूसरे पक्ष के चंदन सिंह की गिरफ्तारी हुई।

### विश्व साइकिल दिवस पर निकाली गई साइकिल रैली

**जहानाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर शनिवार को एसएस कॉलेज में महाविद्यालय के एनएसएस इकाई के द्वारा साइकिल रैली निकाली गई। जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवकों के साथ-साथ इको क्लब के पर्यावरण मित्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. डॉ. कृष्णानंद ने बताया इस साइकिल रैली के आयोजन का उद्देश्य गैर-नवीकरणीय संसाधनों का संरक्षण और ऊर्जा बचाने के लिए जागरुकता फैलाना है। गौरतलब है कि गैर-नवीकरणीय संसाधन और ऊर्जा की कमी से निबटना संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्य का भी हिस्सा है। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्र ने अपने संदेश में कहा कि नियमित रूप से साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ व स्फूर्तिमान बना रहता है एवं कई तरह के मोटापा जनित बीमारियों से मुक्ति मिलती है। इको क्लब के संयोजक सह जन्तु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० प्रवीण दीपक ने जानकारी दी कि आगामी 5 जून को मनाये जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा, जिसके लिए स्थल निरीक्षण कर लिया गया है।

# जिला टीबी सेंटर पर टीबी के साथ उपलब्ध है डायबिटीज और एचआईवी की भी जांच

- अब डायबिटिज और एचआईवी की जांच के लिए मरिजों को नहीं किया जाएगा रेफर
- मरीजों को होगी सहूलियत, जांच के लिए भटकने से मिलेगी निजात

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के टीबी मरीजों के लिए अच्छी खबर है। अब टीबी की जांच के साथ होने वाली अतिरिक्त जांच के लिए मरीजों को इधर उधर नहीं जाना होगा। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देने के क्रम में मरीजों के लिए सेवाओं और सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। इस क्रम में जिला टीबी सेंटर में टीबी के साथ साथ डायबिटीज और एचआईवी की भी जांच की व्यवस्था की गई है। जिससे टीबी मरीजों को काफी सहूलियत होगी। अब मरिजों को डायबिटिज और एचआईवी की जांच के लिए रेफर नहीं किया जाएगा। मरीजों को जांच के लिए इधर उधर नहीं भटकना होगा। टीबी के मरीज को एचआईवी का खतरा होता है और एचआईवी के मरीज को टीबी का। एचआईवी मरीज पर पहला हमला टीबी का होता है। दोनों ही रोग के लिए अवेयरनेस बेहद जरुरी है। निचले तबके के लोग अधिक प्रभावित होते हैं और जागरुकता के अभाव में मौत का शिकार हो जाते हैं। सरकारी अस्पतालों में उपचार की निशुल्क व प्रभावी व्यवस्था है। एचआईवी मरीजों की पहचान गोपनीय रखी जाती है। प्रत्येक टीबी के मरीज का एचआईवी टेस्ट जरुर कराया जाता है।




**मरीजों को डायबिटीज और एचआईवी का खतरा अधिक :** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया कि टीबी मरीजों को इसके प्रभाव से पोषण की कमी हो जाती है। जिसके कारण टीबी मरीज कुपोषण, हाई बीपी, पैरों में सूजन, रेस्परेटरी रेट, डायबिटीज, हीमोग्लोबिन, पल्स रेट, चेस्ट एक्स-रे, ऑक्सीजन सेचुरेशन और बॉडी मास इंडेक्स का असामान्य होना, एचआईवी, बलगम में खून और असामान्य तापमान जैसी असामान्यताएं स्थिति को गंभीर बना सकती हैं। डायबिटीज व एचआईवी सबसे खतरनाक है। इसलिए टीबी के लक्षण वाले मरीजों में टीबी की पुष्टि होने के बाद डायबिटीज और एचआईवी की जांच कराने के लिए प्रेरित किया जाता है। जिससे यह पता लगाया जा सकता है कि मरीज सामान्य टीबी की दवाओं से ठीक हो जाएगा या उसे अतिरिक्त देखभाल की जरूरत है। साथ ही, एचआईवी मरीजों में भी जांच के बाद पुष्टि होने पर टीबी की जांच कराई जाती है।

**टीबी के सभी मरीजों की एचआईवी जांच जरूरी :** डीपीसी कुमार गौरव ने बताया, टीबी के सभी मरीजों की एचआईवी जांच होना जरूरी है। डेढ़ से दो साल के बच्चों को छोड़ कर सभी टीबी मरीजों की एचआईवी जांच कराई जाती है। एचआईवी व टीबी से जुड़े मामलों पर प्रभावी नियंत्रण राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। एचआईवी मरीजों में टीबी से जुड़े खतरों को कम करने संबंधी उपायों पर भी दी जाती है। उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों से संबंधित जानकारी को गोपनीय रखा जाता है। बिना कंसेंट लेटर के उनकी तस्वीर व नाम किसी भी रूप से सार्वजनिक नहीं किया जाता है। एचआईवी व टीबी मरीजों को दोनों ही रोग से बचाव के लिये जन जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों में एचआईवी संक्रमण की पुष्टि होने पर पहले दो महीने तक टीबी की दवा खिलायी जाती है। इसके बाद उन्हें एंटी रेट्रो वायरल थेरेपी सेंटर रेफर किया जाता है।

# बारात में हर्ष फायरिंग के दौरान नाच देख रहे युवक की गोली लगने से मौत, सात पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज

- लोगों ने फायरिंग करने वाले युवकों में से एक को पकड़ा और जमकर की पिटाई
- इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में जख्मी युवक ने रास्ते में ही तोड़ा दम
- मृतक के भाई ने रामपुर गांव के युवकों पर लगाया फायरिंग करने का आरोप
- फरार आरोपित चिन्हित, एसपी के निर्देश पर छापेमारी जारी



**केटी न्यूज/आरा**

जिले में हर्ष फायरिंग का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासन के मना करने के बावजूद शादी विवाह के दौरान लोगों द्वारा हर्ष फायरिंग की जा रही है। बीती राज जिले में फिर हर्ष फायरिंग ने एक युवक की जान ले ली। घटना संदेश थाना क्षेत्र के चैता टोला गांव की है। जिसमें शुक्रवार की देर रात बारात में नाच के दौरान की गयी हर्ष फायरिंग में एक युवक की गोली लगने से मौत हो गयी। मृतक चैता टोला गांव निवासी बिंदेश्वरी यादव का बेटा दिनेश यादव बताया जा रहा है। गोली उसके दाहिने साइड सीने में लगी थी। इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और एक आरोपित की जमकर पिटाई कर दी गयी गयी। हालांकि अन्य लड़के भाग निकले। सूचना मिलने पर मौके पहुंची पुलिस द्वारा किसी तरह भीड़ के हत्थे चढ़े आरोपित की जान बचाई जा सकी। पकड़ा गया आरोपित रामपुर गांव निवासी बबलू कुमार बताया जा रहा है। घटनास्थल से पुलिस द्वारा खोखा भी बरामद किया गया है।

मामले में दिनेश यादव के भाई रंजीत यादव के बयान पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें रामपुर गांव के चार-पांच लड़कों समेत सात लोगों को नामजद किया गया है। मामले में एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि हर्ष फायरिंग करने में रामपुर गांव के चार पांच लड़कों का नाम आ रहा है। एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य चारों आरोपितों की भी पहचान कर ली गयी है। उनकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हथियार के बारे में जानकारी ली जा रही है। बता दें कि पिछले करीब एक माह में भोजपुर में हर्ष फायरिंग में चार लोगों की मौत हो चुकी है। 26 मई को ही संदेश थाना क्षेत्र में तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग में दूल्हे के रिश्तेदार की मौत हो गयी थी। पिछले 21 मई और एक मई को भी हर्ष फायरिंग में किशोर सहित दो लोगों की मौत हो गयी थी। उससे पहले जनवरी और फरवरी में भी दो लोगों की मौत हो गई थी।

**निमंत्रण पर पड़ोसी के घर भोज खाने गया था दिनेश :** चेता टोला निवासी दिनेश कुमार के भाई रंजीत कुमार यादव ने बताया कि पड़ोसी बिंदा यादव की बेटी आशा की शुक्रवार की रात शादी थी। बारात नारायणपुर थाना क्षेत्र के बघुई गांव से आयी थी। उसमें नाच का प्रोग्राम चल रहा था। शादी में दोनों भाइयों का भी निमंत्रण था। दोनों भाई शादी में शामिल होने गए थे। खाने के बाद उसका भाई दिनेश कुमार यादव सामियाने में बैठकर नाच देख रहा था। तभी उसी के बगल में युवकों की ओर से तबातोड़ फायरिंग की जाने लगी। उस दौरान करीब आधा दर्जन राउंड फायरिंग की गयी। उसमें उसके भाई को गोली लग गई, जिससे वह खून से लथपथ होकर जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़ा। उसके बाद इलाज के लिए उसे आनन-फानन में आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

**मारपीट के बीच हुई फायरिंग में गयी युवक की जान :** बारात में नाच देख रहे रामपुर गांव के कुछ लड़कों द्वारा हर्ष फायरिंग की जा रही थी। उसे लेकर उन लड़कों की आपस में कुछ लोगों से मारपीट हो गयी। उसी क्रम में फायरिंग की गयी, जिससे नाच देख रहे युवक की गोली लगने से मौत हो गयी। एसपी प्रमोद कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शुरूआती जांच में यह बात सामने आयी है कि रामपुर गांव के चार-पांच लड़कों द्वारा हर्ष फायरिंग की जा रही थी। उसे लेकर लड़कों की आपस में मारपीट और हथियार छीन-झपट हो रही थी। उसी दौरान एक युवक द्वारा गोली चला दी गई जो नाच देख रहे चेता टोला गांव निवासी दिनेश कुमार को लग गयी। बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।



**समय पर पहुंची पुलिस तो बची आरोपित की जान :** बारात में हर्ष फायरिंग में नाच देख रहे दिनेश की मौत के बाद ग्रामीणों का गुस्सा पूरी तरह भड़क उठा था। गुस्साये ग्रामीणों ने हर्ष फायरिंग करने वालों को घेर लिया था। लोगों के गुस्से को भांप तीन-चार आरोपित तो किसी तरह भाग निकले, लेकिन एक भीड़ के हत्थे चढ़ गया। उसके बाद उसकी जमकर धुनाई कर दी गयी। अगर पुलिस समय पर नहीं पहुंचती तो आरोपित मॉब लिंचिंग का शिकार हो जाता। एसपी प्रमोद कुमार ने भी इस बात की तस्दीक की है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अवधेश कुमार तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और काफी मशक्कत के बाद उसे भीड़ की चंगुल से बचाया जा सका। भीड़ इस कदर गुस्से में थी कि आरोपित को बचाने में कुछ पुलिस वालों को चोटें भी आयी है। भीड़ आरोपित को लोगों के हवाले करने की मांग कर रही थी।

**चार भाई-बहन में बड़ा था दिनेश :** पड़ोस में शादी का भोज खाने गये दिनेश यादव की मौत से घर में कोहराम मचा है। बताया जाता है कि दिनेश यादव अपने तीन भाई और एक बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां उर्मिला देवी, पत्नी आरती देवी, पुत्री नेहा, अंशिका, निशा और एक पुत्र अंकित है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां उर्मिला देवी और पत्नी आरती देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### हत्या और लूट में वांछित टॉप टेन अपराधी में शामिल नकुल हथियार के साथ गिरफ्तार

- आरा बक्सर हाईवे पर शाहपुर में पुलिस ने अपराध की साजिश करते कुख्यात को दबोचा
- कुख्यात के पास से देसी कट्टा, दो गोलियां व एक बाइक बरामद




**केटी न्यूज/आरा**

जिले के शाहपुर थाने की पुलिस ने शुक्रवार की रात जिले के टॉप टेन अपराधियों में शामिल एक कुख्यात को गिरफ्तार किया है। उसे शुक्रवार की रात अपराध की साजिश करते आरा-बक्सर हाईवे पर बिलौटी गांव के पास गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक देसी कट्टा, दो गोली और एक बाइक भी बरामद की गयी है। गिरफ्तार अपराधी मुफस्सिल थाने क्षेत्र के जमीरा गांव निवासी ललन महतो का पुत्र नकुल महतो है। जो हत्या के दो और लूट के एक मामले में वांछित था। एसपी प्रमोद कुमार ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि शुक्रवार की देर शाम सूचना मिली कि जिले के टॉप टेन अपराधियों में शामिल नकुल महतो किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने बाइक से शाहपुर इलाके में घूम रहा है। तत्काल उसकी गिरफ्तारी को लेकर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर बिलौटी के पास चेकिंग शुरू की गयी। तब पुलिस को देख बाइक सवार एक युवक भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम नकुल महतो बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से हथियार और गोली बरामद की गयी। उसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि हथियार बरामदगी के मामले में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। छापेमारी टीम में शाहपुर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार और दारोगा पूनम कुमारी सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

**दवा व्यवसायी से छह लाख की लूट मामले में भी वांछित था नकुल :** बताया जाता है कि जमीरा गांव निवासी नकुल महतो शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ वर्ष 2021 में नवादा थाना क्षेत्र में बारात में युवक की हत्या, मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हत्या और शाहपुर थाना इलाके में दवा कारोबारी से छह लाख की लूट में वांछित था। उसकी गिरफ्तारी बड़ी सफलता है। बता दें कि मई 2021 में नवादा थाना क्षेत्र बारात में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ का विरोध करने पर ममेरे भाई की शादी में गये एक युवक की हत्या कर दी गयी थी। वहीं पिछले साल जून में दवा खरीदने पटना जा रहे एक कारोबारी से छह लाख की लूट की गयी थी। दोनों मामलों में नकुल महतो की पुलिस को तलाश थी।

### युवा अधिवक्ता को प्रतिभा दिखाने का सही समय : जिला जज



**जहानाबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अंतर्गत संचालित होने वाले लीगल एड डिफेंस काउंसिल के विभिन्न पदों एवं मध्यस्तक अधिवक्ता के चयन के लिए अधिवक्ताओं से आवेदन आमंत्रित किया गया है। इसी संदर्भ पर जिला जज डॉ. राकेश कुमार सिंह ने प्राधिकार भवन के नए अपने प्रकोष्ठ में बैठक बुलायी। जिसमें अधिवक्ताओं से विस्तार पूर्वक सभी बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल में अपना प्रतिभा दिखाने के लिए युवा अधिवक्ताओं के लिए सही मौका है। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा प्रतिभा शील युवा अधिवक्ता को आगे आना चाहिए। जिला जज ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं से कहा कि युवा अधिवक्ता को इससे जुड़ने के लिए जरूर प्रेरित करें। युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए पूर्व के कई नियमों में नालसा ने बदलाव भी किया है। राष्ट्रीय स्तर पर नालसा द्वारा लीगल एंड डिफेंस काउंसिल का गठन किया जा रहा है।

### ग्रामीण क्षेत्र में पेइंग उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ायी जाए : डीएम



जहानाबाद। जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में शनिवार को विद्युत विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने शहरी उपभोक्ताओं का क्वालिटी बिलिंग अर्थात जितना यूनिट बिजली की खपत हुई है उसके अनुपात में विसंगतिरहित बिल कलेक्शन करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्र में पेइंग उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने एग्रीगेट ट्रांसमिशन एंड कमर्शियल लॉस को घटाने हेतु बिलिंग और कलेक्शन एफिशिएंसी को बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने निदेशित किया कि जिले में जो भी लोग बिजली चोरी कर रहे हैं, वो तुरंत वैध कनेक्शन ले लें। अन्यथा पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कार्यपालक अभियंता, विद्युत को निदेश दिया कि जिले में बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए छापेमारी कर नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। साथ ही जिले में बिजली के कनेक्शन टूट जाने अथवा कुछ खराबी आने से बिजली की समस्या होने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, विद्युत ने बताया कि विद्युत कार्यालय द्वारा पूरी कोशिश रहती है कि जहां कहीं भी बिजली की समस्या उत्पन्न हो वहां त्वरित रूप से निपटारा किया जाए।

**मच्छरों के प्रकोप से बचाव के लिए जरूरी है साफ सफाई, सोते समय मच्छरदानी का करें प्रयोग**

# मच्छरों से बचाव ही मलेरिया की संभावना को करेगा दूर

**केटी न्यूज/आरा**

जिला सहित पूरे सूबे में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। रात हो या दिन लोग मच्छरों के काटने से परेशान होने के साथ चिंतित रहने लगे हैं। लोगों को अब उनके आतंक के साथ मच्छर जनित रोग की भी चिंता सताने लगी है। मच्छरों से होने वाली बीमारियों में मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, जापानी इन्सेफेलाइटिस, जीका वायरस, चिकनगुनिया आदि प्रमुख बीमारियां हैं। इसके अलावा बहुत सारी बीमारियां मच्छरों के काटने से होती हैं। हालांकि, ये सभी बीमारियां अलग अलग मच्छरों के काटने से होते हैं। लेकिन, जिला समेत राज्य में मच्छरों के काटने से मलेरिया और डेंगू के साथ साथ फाइलेरिया के मामले अधिक आते हैं।



**घरेलू उपाय कर मलेरिया से बचना चाहिए :** वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी सह एसीएमओ डॉ. केएन सिन्हा ने कहा, मलेरिया से बचाव के लिए हमें अपने आसपास गंदगी को दूर कर और कुछ घरेलू उपाय कर मलेरिया जैसे भयावह बीमारी से बचना चाहिए। मलेरिया प्लाजमोडियम नामक परजीवी से संक्रमित मादा एनोफिलिज मच्छर के काटने से होता है। मलेरिया एक प्रकार का बुखार है जो किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। इसमें कंपकपी के साथ 103 से लेकर 105 डिग्री तक बुखार होता है। कुछ घंटों के बाद पसीने के साथ बुखार उतर जाता है, लेकिन बुखार निश्चित अंतराल पर आते-जाते रहता है। उन्होंने कहा कि फेलसीपेरम मलेरिया (दिमागी मलेरिया) की अवस्था में तेज बुखार होता है। बुखार दिमाग पर चढ़ जाता है। फेफड़े में सूजन हो जाती है। पीलिया एवं गुर्दे की खराबी फेलसीपेरम मलेरिया की मुख्य पहचान है। खून की कमी हो जाती है।

**जलजमाव वाली जगहों को मिट्टी से भर दें :** डॉ. सिन्हा ने मलेरिया से बचने की सलाह देते हुए कहा कि पूरे बदन को ढकने वाले कपड़े पहनें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर के आसपास जलजमाव वाली जगहों को मिट्टी से भर दें। जलजमाव वाले स्थान पर केरोसिन तेल या डीजल या जले हुए मोबिल डालें। घर के आसापस बहने वाली नाले की साफ-सफाई करते रहें। उन्होंने कहा कि मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में सरकार की तरफ से डीडीटी का छिड़काव कराया जाता है।

छिड़काव कर्मियों के आने पर उनका सहयोग करें और छिड़काव की तिथि की जानकारी ग्रामीणों को दें। उन्होंने कहा कि मलेरिया बुखार होने पर पीड़ित व्यक्ति को अपने गांव की आशा दीदी से संपर्क करना चाहिए या नजदीकी सरकारी अस्पताल जाना चाहिए। खून की जांच में मलेरिया निकलने पर डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवा लेनी चाहिए। सरकारी अस्पतालों में इसकी निःशुल्क जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

## खबरें फटाफट

### सड़क दुर्घटना में युवक जख्मी, 112 ने पहुंचाया अस्पताल

**डुमरांव।** शनिवार को कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिला व नारायणपुर के बीच सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। राहगीरों द्वारा तत्काल डायलइ 112 पर फोन कर पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच जख्मी युवक को इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया और उसके घरवालों को भी इसकी सूचना दी। जख्मी की पहचान बगेन थाना के कैथी गांव निवासी श्रीभगवान पासवान के पुत्र दीपक पासवान के रूप में हुई हैं। बताया जा रहा है कि वह कोरानसराय नारायणपुर मार्ग पर कही बाइक से जा रहा था कि अचानक बाइक असंतुलित होने से गिरकर जख्मी हो गया था।

### जांच में काजीपुर में अनियमितता की पुष्टि

**सिमरी।** अनुमंडल लोक शिकायत की जांच में काजीपुर पंचायत के स्थानीय बाजार में 14 वही वित्त योजना से हुए बालू भराई, ईंट सोलिंग तथा पीसीसी योजना में अनियमितता उजागर हुई हैं। जिसके बाद अनुमंडल लोक शिकायत पदाधिकारी द्वारा अभिकर्ता ललन राम पर निलाम पत्र दाखिल करने की अनुशंसा जिला लोक शिकायत पदाधिकारी से की गई हैं। अनुमंडल लोक शिकायत पदाधिकारी के इस आदेश के बाद अभिकर्ता की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बता दें कि इस मामले में काजीपुर की अशर्फी अंसारी ने अनुमंडल लोक शिकायत में अपील दायर करते हुए 14वें वित्त योजा से काजीपुर के सार्वजनिक बाजार में ईंट सोलिंग, बालू भराई तथा पीसीसीकरण में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरतने का आरोप लगाया गया था। अनुमंडल लोक शिकायत पदाधिकारी ने इसकी जांच सिमरी बीडीओ से करवाई थी। बीडीओ के नेतृत्व में हुए जांच में अशर्फी के आरोपों की पुष्टि हुई। जिसके बाद अनुमंडल लोक शिकायत पदाधिकारी द्वारा अभिकर्ता पर निलाम पत्र दायर करने की अनुशंसा की गई हैं।

# छात्राओं का संदेश... साइकिल हम चलाएंगे पर्यावरण को स्वच्छ, शरीर को स्वस्थ बनाएंगे

## विश्व साइकिल दिवस

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शनिवार को शहर के सुमित्रा महिला कॉलेज की छात्राओं ने विश्व साइकिल दिवस पर जागरूकता रैली निकाली। राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले आयोजित इस जागरूकता रैली को कॉलेज की प्राचार्या डॉ शोभा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समाज मे स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से साइकिल का उपयोग काफी महत्वपूर्ण हैं। यह मानव के लिए काफी लाभदायक है। साइकिल का चलन बढ़ने से नई ऊर्जा का संचार हुआ और




साइकिल की सवारी छात्राओं के लिए भी शान बन गयी हैं। साइकिल स्वास्थ्य के साथ शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा हैं। अब साइकिल की सवारी कर छात्राएं स्कूल-कॉलेज पहुंचने लगी और शिक्षा के बदौलत आसमान की ऊंचाइयों को छूने लगी है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी श्रीकांत सिंह ने किया। उन्होंने विश्व साइकिल दिवस पर चर्चा करते हुए कहा कि साइकिल प्रदूषण मुक्त सवारी हैं। इस पर चलने की जुनून से सेहत के साथ-साथ पर्यावरण की भी रक्षा होती हैं। डॉ सुभाष चंद्रशेखर ने नारा देते हुए कहा कि साइकिल चलाओ-बीमारियों से निजात पाओ। साइकिल चलाना अपनी दिनचर्या में शामिल करें। इसके जुनूनी बनने से शारीरिक विकास होगा और एक स्वस्थ नागरिक बनकर राष्ट्र की सेवा कर सकेंगे। मौके पर प्रोफेसर दिनेश सिंह, प्रो शैलेंद्र कुमार, प्रो सुरेशचंद्र त्रिपाठी, प्रो धनंजय द्विवेदी, चीकू सिंह, पवन सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### महारानी उषारानी प्लस टू स्कूल ने भी निकाली रैली

वहीं दूसरी तरफ मिशन लाइफ के तहत विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर प्लस टू महारानी उषा रानी बालिका उच्च विद्यालय से साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली स्कूल से निकल चौक रोड, हाथी खाना रोड, छठिया पोखरा होते हुए पुनः विद्यालय में आकर सभा में तब्दील हो गया। इसका उद्घाटन डुमरांव विधायक अजीत कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक तेज नारायण पांडे, मंगल महेश मीरा सिंह मीरा आदि ने सामूहिक रूप से झंडी दिखाकर किया। इस कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र, बक्सर एवं नेहरू युवा विकास समिति, डुमरांव के बैनर तले किया गया था। रैली में शामिल दर्जनों छात्राएं साइकिल हम चलाएंगे पर्यावरण तथा शरीर को स्वस्थ तथा शुद्ध बनाएंगे का नारा लगाते हुए आगे बढ़ रही थी। इस दौरान साइकिल में रंग-बिरंगे झंडे लेकर मनोरम दृश्य प्रस्तुत कर रही थी। रैली को रवान करते हुए अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि साइकिल चलाने से हमारा शरीर फिट रहता है तथा पर्यावरण प्रदूषित नहीं होता हैं। वही प्रधानाध्यापक ने बताया कि साइकिल हम सभी को चलाना चाहिए ताकि हम सभी सेहतमंद हो सके। उन्होंने कहा इससे पेट्रोलियम उर्जा की बचत भी होगी।

## बक्सर के जिलाधिकारी के निर्देश पर सीओ ने डुमरांव में चलाया जांच अभियान

# बिना निबंधन व कागजात के चल रहे छह ई-रिक्शा जब्त, चालकों में हड़कंप

- शहर की सड़कों पर सैकड़ो की संख्या में चल रहे ई-रिक्शा व ऑटो
- बिना ड्राइवरी लाइसेंस के ही सड़कों पर गाड़ी दौड़ा रहे कई चालक

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहर की सड़को पर सैकड़ों की संख्या में फरार्टे भरने वाले अधिकांश ई-रिक्शा बगैर निबंधन व परमिट के चल रहे हैं। वही इनके चालकों के पास वाहन चलाने के लिए मुकम्मल ड्राइवरी लाइसेंस भी नहीं हैं। शनिवार को डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर डुमरांव सीओ अंकिता सिंह के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस ने थाना के मुख्य गेट पर घंटो वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कुल छह ई-रिक्शा को बिना निबंधन व परमिट के पकड़ा गया। और तो और उनके चालकों के पास ड्राइवरी लाइसेंस भी नहीं था। वहीं बिना मानक के चलने वाले दर्जनों बाइकों को भी पकड़ उनके चालक से जुर्माना वसूला गया।

बता दें कि यह कार्रवाई डुमरांव नगर परिषद चुनाव को देखते हुए डीएम के निर्देश पर की गई थी। अभियान के दौरान बिना कागजात के चलने वाले ई-रिक्शा को देख सीओ के साथ स्थानीय पुलिस भी दंग रह गई। गौरतलब है कि शहर में सैकड़ो की संख्या में ई-रिक्शा चलाए जा रहे हैं। ये ई रिक्शा यहा के परिवहन व्यवस्था की धूरी के साथ ही दुर्घटना और जाम के सबव भी बने हुए हैं। वही अब बिना



कागजात आधा दर्जन ई रिक्शा के जब्त होने के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस व प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। कई वाहन चालक तो पूरे दिन थाना की तरफ से नहीं गुजरे। इस संबंध में सीओ अंकिता ने बताया कि डीएम के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया था। उन्होंने कहा कि बगैर निबंधन के चलने वाले आधा दर्जन ई रिक्शा को जब्त कर लिया गया है। **बड़ी संख्या में संचालित हो रहे हैं बिना निबंधन वाले ई रिक्शाः** एक अनुमान के मुताबिक अनुमंडल क्षेत्र में करीब 250 से 300 ई रिक्शा विभिन्न मार्गों पर संचालित होते हैं, जिनमें अधिकांश के पास न तो वैध आरसी है और न ही परमिट, निबंधन की बात छोड़ भी दी जाए तो उसे चलाने वाले चालकों के पास डीएल तक नहीं है। लेकिन स्थानीय प्रशासन की चुप्पी से उनका मनोबल बढ़ा हुआ हैं। शनिवार को सीओ के मात्र एक घंटे के अभियान में ही ऐसे आधा दर्जन ई रिक्शा जब्त किए गए जिनके पास न तो कोई कागजात था और न ही चालकों का ड्राइवरी लाइसेंस। जो इस बात को प्रमाणित करता है कि अनुमंडल क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बिना कागज व परमिट वाले ई रिक्शा संचालित हो रहे हैं।

**सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था के लिए खतरनाक हैं ई रिक्शाः** बता दें कि अनुमंडल की सड़को पर पूरे दिन फरार्टे भरने वाले अवैध ई रिक्शा सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था के काफी खतरनाक हैं। वही शहरी क्षेत्र में लगने वाले जाम का मुख्य कारण भी बड़ी संख्या में ई रिक्शा का संचालन हैं। जानकारों की मानें तो बिना कागज चलने वाले ये ई रिक्शा शराब तस्करों के लिए काफी मुफीद साबित हो रहे हैं। जानकार बताते है कि अधिकांश ई रिक्शा चालक इसकी आड़ में तस्करी तथा कई अन्य अवैध कामों में भी संलिप्त रहते हैं। सवाल उठता है कि जब किसी ई रिक्शा पर लदी कोई भी अवैध वस्तु लावारिश हालत में मिलेगी तो बिना कागजात के उसकी पहचान कैसे होगी कि ई रिक्शा किसका है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था के लिए ये ई रिक्शा काफी खतरनाक साबित हो सकते है।

### ई रिक्शा से बढ़ी हैं दुर्घटनाएं

ई रिक्शा एक तिपहिया वाहन हैं जो सड़क पर उभरे हल्के गड्ढें या किसी बड़े ब्रेकर को पार करने के दौरान भी पलट जाती हैं। इसके अलावे उसमें आवाज भी नहीं होता है। जिस कारण ई रिक्शा के संचालन के बाद सड़क दुर्घटनाओं में बेतहासा वृद्धि हुई है। अभी पिछले दिनों शहर के ढेलवानी मोड़ के पास बने स्पीड ब्रेकर पर एक ई रिक्शा के पलटने से सुजीत केशरी तथा उनके परिवार के कई सदस्यों को गंभीर चोटें आई थीं।

### पूरे चुनाव चलेगा अभियान

सीओ अंकिता कुमारी ने बताया कि यह अभियान नगर निकाय चुनाव के दौरान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सड़क पर अवैध ढंग से वाहन चलाने वालों की अब खैर नहीं हैं, बल्कि उनके वाहनों को जब्त किया जाएगा तथा जुर्माना लगाया जाएगा।

## एक नजर

### सोनवर्षा ओपी के इटौंहा गांव में जमीन विवाद में जमकर चले लाठी-डंडे, आधा दर्जन लोग जख्मी

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी के इटौंहा गांव में सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर शनिवार को दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना गहरा हो गया कि दोनों पक्ष एक दूसरे पर जमकर लाठी डंडे बरसाए। मारपीट में दोनों पक्षों के लगभग आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। जख्मी लोगों का इलाज नावानगर सीएचसी में कराया गया। इधर दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए सोनवर्षा ओपी में एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में एक पक्ष के मनोरमा देवी ने द्वारिका सिंह, हरेराम सिंह, रोहित कुमार, मालती कुमारी सहित आठ लोगों पर बेटी की शादी के लिए घर के बाहर खाली जमीन में अस्थाई स्टेज बनाने का विरोध करने तथा मारपीट करने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष के द्वारिका सिंह ने स्वामीनाथ सिंह, मनोरमा देवी, रणधीर सिंह, दीपक कुमार, ज्योति कुमारी समेत सात लोगों पर इनके निजी जमीन में पक्का निर्माण करने, रोकने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

### नावानगर में दो बाइक के बीच टक्कर में तीन लोग जख्मी, सदर अस्पताल बक्सर रेफर

**नावानगर।** डुमरांव-बिक्रमगंज हाईवे स्थित नावानगर बाजार के ठाकुरबाड़ी के पास शनिवार को दो बाइकों की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सीएचसी नावानगर ले गए। साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दी। इधर सभी जख्मियों के प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया। जख्मियों में धवछूआ गांव निवासी अजय राम, संतोष कुमार व रोहतास जिला के दिनारा थाना अंतर्गत खनिता गांव निवासी शिवजी साह बताए जाते हैं। बताया जाता है कि शिवजी साह ठाकुरबाड़ी के पास अपनी विक्की बाइक खड़ी करके पास में खड़े थे। वहीं एक बाइक पर सवार दो लोग तेज गति से डुमरांव की तरफ जा रहे थे। उक्त स्थान पर बाइक अनियंत्रित होकर खडी विक्की बाइक व चालक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी, कि दोनों बाइक सवार दुर्घटना के स्थान से कुछ दूर सड़क पर जा गिरे। जिससे विक्की बाइक चालक समेत तीन लोग गंभीर रुप से जख्मी हो गए।

### यू-ट्यूब चैनल खरीदने के बावजूद निर्धारित रकम नहीं देने का मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

**डुमरांव।** कोरानसराय पुलिस ने यू ट्यूब खरीदने के बाद फजीर्वाड़ा करते हुए एकरारनामा की राशि चूकता नहीं करने वाले एक आरोपी को गया से गिरफ्तार किया हैं। आरोपी गया जिले के परैया थाना क्षेत्र अंतर्गत दखनेर गांव का प्रिंस कुमार पिता रामबली शर्मा हैं। जानकारी के अनुसार कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिला गांव निवासी राम प्रवेश राय के पुत्र संतोष कुमार ने स्थानीय पुलिस को आवेदन देकर बताया था कि प्रिंस उसके यू ट्यूब चैनल जेएमएम फिल्म को दो करोड़ रूपए में खरीदा था। इसी वर्ष छह जनवरी को वह मेरे खाता संख्या 45500100002904 में एक लाख रूपए भी डाला था तथा दो करोड़ का एकरारनामा किया था। लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद वह तय राशि नहीं दे रहा था और मांगने पर धमकी दे रहा था। जिसके बाद संतोष ने इसकी शिकायत स्थानीय थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने तकनीकी साधनों से मामले की तत्काल जांच करते हुए संतोष के आरोप को सही पाया। इसके बाद थानाध्यक्ष ने एक टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए गया भेजा। पुलिस ने उसे उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया हैं। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### शिक्षकों के धरने में शामिल हुए एमएलसी जीवन कुमार, मांगों को बताया जायज



**बक्सर।** बिहार राज्य अध्यापक नियमावली 2023 के खिलाफ में बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा चल रहे जिला स्तरीय धरना में शिक्षक शिक्षिकाओं के राज्यकर्मी के दर्जे की मांग के समर्थन में शुक्रवार को गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित एमएलसी जीवन कुमार कमलदह पोखरा स्थल स्थित धरना स्थल पर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अर्जुन के समान उनका एकमात्र लक्ष्य नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिलाना हैं, और इस मांग को सरकार को हर हाल में पूरा करना ही होगा। उन्होंने शिक्षकों की मांगों को जायज बताया और कहा कि इसके लिए वे सड़क से सदन तक शिक्षक भाईयों और बहनों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। सरकार जरुर झुकेगी और अपने ही कार्य काल में मैं शिक्षकों की इस चिर परिचित मांग को पूरा कराके ही दम लूंगा। वही अंकेश कुमार ने कहा कि सरकार शिक्षकों द्वारा किये गए सेवा वर्ष का कोई लाभ नहीं देना चाहती है। जो सरासर अन्याय है। इसलिए हम सभी बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के आदेश के अन्तर्गत शांतिपूर्ण धरना कर रहे हैं। संघ को हर बार सफलता मिली है और इस बार भी मिलकर रहेगी। हम सभी को धीरज और साहस बनाए रखना है। अध्यक्ष विनोद चौबे ने शिक्षक ट्रांसफर के मुद्दे पर अपनी बात रखी। सभा में अनुमंडल अध्यक्ष कुमार विमल, अनुमंडल सचिव रविकान्त, कोषाध्यक्ष संजय अरुण, शेषनाथ दुबे, शिवजी सिंह, अयोध्या सिंह, ईबरार अहमद, बरमेश्वर, रवि सर, राम दुलार, संजय रंजन सिन्हा, संजय, अभ्यानन्द प्रजापति, भगवती पांडे, तेज प्रताप सिंह, कविता कुमारी, रंजना सिंह, सुमन कुमारी, हेमलता कुमारी, संगीत शिक्षिका देवकी समेत कई अन्य शिक्षक शामिल थे।

## चौसा में शराब के नशे में गिरफ्तार हुआ चेनारी थाने में तैनात सिपाही

**केटी न्यूज/चौसा**

बिहार में शराबबंदी कानून की विफलता के पीछे पुलिसिया सांटगाठ की बातें अक्सर चर्चा में रहती है। महकमें में शराब के शौकीनों की भी कमी नहीं हैं। शनिवार को इसका प्रमाण भी मिल गया जब उत्पाद विभाग की टीम ने शराब के नशे में झूमते बिहार पुलिस के एक सिपाही को पकड़ा। इस दौरान वह खुद को सिपाही होने का रौब दिखाया। लेकिन टीम ने उसे छोड़ा नहीं बल्कि लगे हाथ मेडिकल जांच भी करा दिया। मेडिकल जांच में अल्कोहल की पुष्टि होने के बाद उत्पाद विभाग की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। शराबी जवान मुफस्सिल थाना क्षेत्र



के चुन्नी गांव के बिहारी राय का पुत्र अवधेश राय है तथा रोहतास जिले के चेनारी थाना में कार्यरत हैं। जानकारी के अनुसार वह बिना छुट्टी लिए ही अपने घर आ रहा था और रास्ते में शराब का भरपूर सेवन किया था। इसी दौरान चौसा रेलवे स्टेशन के पास वह उत्पाद विभाग के हत्थें चढ़ गया। उत्पाद निरीक्षक दिलीप

## जिले के 11 डॉक्टर योगदान देने के बाद अनाधिकृत रूप से ड्यूटी से हैं गायब, स्वास्थ्य विभाग ने मांगा स्पष्टीकरण

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार को लेकर सरकार द्वारा लगातार पहल जारी है। जिसके तहत डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ की लगातार अस्पतालों में कायम कमी को दूर किया जा रहा है। जिसके तहत अस्पतालों मे डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टॉफ की बहाली की गई है। लेकिन जिन उदेश्यों को ध्यान में रखकर नियुक्ति की गई है उसमें सफलता प्राप्त नहीं हो पा रही है। कई डॉक्टर योगदान देने के बाद अनाधिकृत रूप से गायब हैं। जिसको लेकर विभागीय स्तर पर कई बार पत्राचार किया गया है। इसके बावजूद इन चिकित्सकों ने अपना कार्यभार नहीं संभाला है। जिसके कारण सरकार के संयुक्त सचिव सुधीर कुमार ने चिकित्सकों के गायब होने को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर स्पष्टीकरण की मांग एक पक्ष में किया है। यदि वे निर्धारित समय




पर स्पष्टीकरण का जबाव नहीं देते हैं तो एक पक्षीय कार्रवाई के लिए विभाग बाध्य हो जाएगा।

जिले में 11 ड्यूटी पर तैनात किए गए डॉक्टर अपना योगदान देने के बाद से ही गायब हैं। जिन्हें कई बार विभागीय स्तर पर नोटिस भी दिया गया है इन डॉक्टरों में डॉक्टर सदर अस्पताल में मूर्छक के रूप में जयमित अंकुर, सदर अस्पताल में सर्जन के रूप में तैनात डॉक्टर साकार कुमार, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सदर ब्लॉक बक्सर के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार सिंह, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरेंजा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दिनेश कुमार, अनुमंडल अस्पताल डुमरांव के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार शर्मा, अनुमंडल अस्पताल डुमरांव की चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर रश्मि कुमारी, अनुमंडल अस्पताल डुमरांव के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लोकेश कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डुमरांव की डॉक्टर माला सिन्हा, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आथर नवानगर के डॉक्टर राजा आर्यन, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुल्हिन बाजार सिमरी के डॉक्टर अनीशा रंजन, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलहरी नवानगर के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ज्योति प्रकाश शामिल हैं।

## जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी की अध्यक्षता में भाजपा युवा मोर्चा की बैठक में जिला कार्यसमिति का हुआ गठन

# पिछले नौ सालों में पूरे विश्व में बज रहा भारत का डंका : सौरभ तिवारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

भारतीय जनता युवा मोर्चा की एक आवश्यक बैठक शनिवार को पुस्तकालय रोड में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी ने किया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाले सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई। वही जिलाध्यक्ष ने नई कार्यसमिति की घोषणा भी की। नई कार्यसमिति में राहुल दूबे, अरविंद पासवान, ओमजी यादव, अर्जुन सिंह, अंपु राय, दीपक सिंह और राकेश सिंह को जिला उपाध्यक्ष, विमलेश सिंह व प्रदीप मिश्र को जिला महामंत्री, आदर्श जायसवाल, चंदन सिंह, गौरव मिश्र, धोनी कुंवर, शिव शंभू



पांडेय, शेखर सुमन व संतोष सिंह को जिला मंत्री, युसूफ अख्तर को कोषाध्यक्ष, आईटी संयोजक गौरव गिरी, सोशल मीडिया प्रभारी संतोष राज, मीडिया प्रभारी बिट्टू तिवारी, मीडिया सह प्रभारी भोला सिंह, कार्यालय प्रभारी रोहित मिश्र, कार्यालय सह प्रभारी अभिषेक श्रीवास्तव, जिला प्रवक्ता दुर्गेश उपाध्याय विद्रोही व मोहित बाबा, संटू मित्रा, माझिल ओझा, आनंद कुशवाहा, अभिषेक सिंह गोल्डन पांडेय को बनाया गया है।

जबकि जिला संयोजक के रूप में जितेश दुबे अधिवक्ता, लीगल सेल, चंदन सिंह, यंग प्रोफेशनल सेल, रवि कुशवाहा, नीति एवं शोध सेल, राशमणि तिवारी सोनू, रचनात्मक सेल, सर्वेश्वर चौबे, स्टडी सर्किल सेल, राजीव राय, कमल क्लब एवं युवती प्रमुख अमृता सौरभ सिन्हा को बनाया गया। जिला कार्यसमिति सदस्य के रूप में चंदन राय, अश्विनी तिवारी, मुन्ना, कमलेश उपाध्याय, कृष्णा राव, पवन चौरसिया, ओम प्रकाश पांडेय, विवेक सिंह, विनय विनायक, अंदीप दास, सत्येंद्र पांडेय, नित्यानंद ओझा, विजय कुमार, अविनाश केसरी, सिंघम तिवारी, नित्यानंद सिंह, झब्बू पांडेय, दिलीप यादव, कृष्णकांत तिवारी, मनीष चौबे, अमन उपाध्याय, विकास राय, सत्यदेव पांडेय, विनय सिंह, रवि उपाध्याय, अंशु ओझा को शामिल किया गया।

जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी ने बताया पिछले 9 साल में भारत का डंका पूरे विश्व में जिस तरह से बजा है, वह प्रधानमंत्री के चमत्कारिक नेतृत्व का परिणाम है। शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, परिवहन, सड़क हर क्षेत्र में देश विकसित हो रहा है। किसान सम्मान योजना किसानों के लिए आर्थिक सहयोग वह गौरव का विषय है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विमलेश सिंह वह धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री प्रदीप मिश्र ने किया।

# अपनी संस्कृति, अपनी विरासत को गांव-गांव तक पहुंचाना जरूरी: जयवीर सिंह

- संस्कृति विभाग एवं जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**केटी न्यूज/बलिया**

जनजातीय कला के संरक्षण एवं संवर्द्धन करते हुए भावी पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया तथा लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान (संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश) के मध्य एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि दोनों संस्थान अपने अनुभव, क्षमता एवं दक्षता के माध्यम से जनजातीय कला को समृद्ध बनाने में एक-दूसरे के साथ समन्वय करेंगे। इसके अलावा जनजातीय समाज के गौरवशाली सांस्कृतिक विविधता को धरातल पर उतारेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को पुर्नजीवित करते हुए भावी पीढ़ी से सांझा करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का संस्कृति विभाग इसी दृष्टिकोण से लोक कलाओं को संरक्षित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोक कलाओं एवं कलाकारों के संरक्षण के लिए अब तक 4000 ऑनलाइन रजिस्टेशन कराया जा चुका है। लोक कलाओं से जुड़े कलाकारों को विभिन्न अवसरों पर कार्यक्रम प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जा रहा



है एवं उनके पारिश्रमिक को सीधे उनके खाते में स्थानान्तरित किया जा रहा है। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्राचीन जनजातीय कला विविधता में एकता के आदर्श मूल्य को समेटे हुए है। संस्कृति विभाग जनजाति समाज की गौरवशाली संस्कृति को युवाओं तक पहुंचाकर उनका श्रेष्ठतम योगदान लोक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्द्धन में लेना चाहती है। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति, अपनी विरासत गांव-गांव तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। देश की आत्मा गांवों में बसती है। इसके संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा समय-समय पर विभिन्न आयोजन कराये जा रहे हैं। ग्राम पंचायतों को वाद्ययंत्र का भी वितरण कराया जा रहा है। विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी लोकगीत एवं संगीत को पुनर्जीवित करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। निदेशक लोक एवं जनजातीय कला एवं संस्कृति संस्थान अतुल द्विवेदी ने बताया कि अब तक 11 शिक्षण संस्थाओं से समझौता ज्ञापन किया गया है। आज 12वें समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर सम्पन्न कराया गया है। उन्होंने बताया कि जनजातीय कला एवं संस्कृति संस्थान लोक कलाओं के विविध रूपों के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार के लिए पूरे प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं तथा जनजातीय कला से आम लोगों को परिचित कराया जा रहा है। समझौता ज्ञापन पर लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी एवं जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के विशेष सचिव अमरनाथ उपाध्याय भी मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### टेंपो को कार ने पीछे से मारी टक्कर, दो महिला सहित छह जख्मी



**गाजीपुर।** मरदह थाना के कैथवली चट्टी के पास फोर लेन मार्ग पर मऊ की तरफ जा रही सवारी टेंपो को पीछे की तरफ से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से सवारियों से भरी ऑटो डिवाइडर तोड़ते हुए सर्विस रोड पर जाकर पलट गई। टेंपो चालक धनंजय यादव (26) सहित टेंपो पर सवार शीला यादव (35) उनके पुत्र आलोक (12), पुनपुन (04), मन्ता यादव (65) सभी निवासी फदनापुर थाना नोनहरा सहित कार सवार जंगीपुर थाने के धुरेहरा गांव निवासी वंदना पांडेय (54) घायल हो गई। सभी घायलों का उपचार स्थानीय चिकित्सक के यहा कराया गया।

### डीएम व एसपी ने झील महल के समीप के क्षेत्रों के सुंदरीकरण कार्य किया निरीक्षण

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर के पास स्थित झील महल के निकट के क्षेत्रों के सुंदरीकरण कार्य एवं निमार्णाधीन तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निमार्णाधीन तालाब के आसपास की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अतिक्रमित भूमि को खाली कराने के निर्देश तहसीलदार सदर को दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को तालाब के निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने को कहा। साथ ही, आसपास के क्षेत्रों का पर्यटन के दृष्टिगत सुंदरीकरण की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिससे इस क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित किया जा सके।उन्होंने खाली पड़ी जमीनों पर ओपन जिम अथवा बच्चों हेतु पार्क के रूप में विकसित करने के भी निर्देश दिए।

# ठेकेदार काम समय से पूरा नहीं करता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं : डीएम

- डीएम ने की बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा, सदर एसडीएम को समीक्षा करके अवगत कराने का दिया निर्देश
- मुख्यमंत्री ने 15 जून तक बाढ़ से संबंधित कार्य पूर्ण करने का जारी किया है निर्देश

**केटी न्यूज/बलिया**

प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सभी जिलों को 15 जून तक बाढ़ से संबंधित कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने बाढ़ के पूर्व तैयारियों की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जहां भी कार्य धीरे चल रहा है, वहां पर मजदूरों की संख्या बढ़ाकर जल्द से जल्द कार्य पूरा कराया जाएं। कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य धीमा किए जाने पर जिलाधिकारी ने बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता अमृतलाल को निर्देश दिया कि यदि ठेकेदार काम समय से पूरा नहीं करता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया जाए। उन्होंने एसडीएम सदर को निर्देश दिया की कार्य की समीक्षा कर-के उन्हें अवगत कराएं।



उप जिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्रा ने बताया कि जहां पर बाढ़ का काम चल रहा है वहां पर गांव के कुछ लोग कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि संबंधित एसओ को सूचित किया जाए और गांव वालों को कार्य में बाधा उत्पन्न ना करने दिया जाए। उपजिलाधिकारी बैरिया ने बताया कि गोपाल नगर और नौरंगा में बाढ़ की स्थिति ज्यादा खराब है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बाढ़ के समय गांव वालों को विस्थापित करने की व्यवस्था पहले से ही रखी जाए और उसके लिए पहले से ही विद्यालय चिन्हित कर लिए जाएं। बांसडीह के उप जिलाधिकारी ने सरयू नदी के तट पर तुतीर्पार बांध पर चल रहे कार्य के संबंध में बताया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि कुछ जगहों पर रिसाव की समस्या रहती है जिसको अभी से ठीक करा लेने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने एसडीएम बांसडीह को निर्देश दिया कि वे भी कुछ विद्यालयों को चिन्हित करके अभी से रख ले। जिससे विस्थापितों को वहां पर रखा जा सके।

**रसड़ा तहसील में किसी विस्थापन की समस्या नहीं :** रसड़ा उप जिलाधिकारी सदानंद सरोज ने बताया कि रसड़ा तहसील में किसी विस्थापन की समस्या नहीं है। बेल्थरा रोड के उप जिलाधिकारी ने बताया कि टगुनिया, चैनपुर भुलावा और तुतीर्पार में कुछ समस्या देखने को मिलती है। स्वास्थ्य विभाग की टीम को जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बाढ़ के समय वहां पर कैंप लगाकर लोगो के स्वास्थ्य का परीक्षण करें। बाढ़ शरणालय में डॉक्टरों की टीम लगाई जाए। इसके अतिरिक्त आशाओं और आंगनवाड़ीयो के माध्यम से गांव वालों को क्लोरीन की गोलियां वितरित की जाए। ग्राम पंचायत विभाग को निर्देश दिया कि विस्थापित स्थलों पर अस्थायी शौचालयो का निर्माण करवाया जाए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि पशुओ को रखने और उनके चारा और पानी की व्यवस्था कराई जाए साथ ही पशुओं के चिकित्सा की भी व्यवस्था रखी जाए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अभी से पशुओं का टीकाकरण शुरू कर दिया गया है। साथ ही पशुओं के चारे की व्यवस्था के लिए जेम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर दिया गया है। बैठक में सभी उप जिलाधिकारी,आपदा प्रबंध और बाढ़ नियंत्रण खंड के अधिकारी उपस्थित थे।

### जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाए: डीएम

बलिया। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने शनिवार को बांसडीह में तहसील दिवस के अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनी। उनके सामने भूमि विवाद, सड़क, सुरक्षा, चिकित्सा, राशन कार्ड और पानी की समस्याएं आई। जिसको उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां भी राजस्व से संबंधित विवाद आए वहां पर राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की टीम संयुक्त रूप से मौका मुआयना करके दोनों पक्षों की बातें सुनने के उपरांत ही समस्या का निस्तारण करें। पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर ने लोगों की आपसी विवाद, मारपीट और झगड़े से संबंधित मामले को देखा और उसे संबंधित थाने को जल्द से जल्द निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बांसडीह राजेश कुमार, तहसीलदार प्रवीण सिंह, नायब तहसीलदार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 300 मरीजों का हुआ परीक्षण



**गाजीपुर।** सिविल बार एसोसिएशन मुहम्मदाबाद के तत्वाधान में वाराणसी के अग्रणी हॉस्पिटल ₹दी न्यूरो सिटी₹ के द्वारा सिविल बार एसोसिएशन के सभागार में शनिवार को नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिविल जज जुडी अभिषेक सिंह, सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुभाष चंद्र सिंह यादव, न्यूरो सिटी हॉस्पिटल के वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉक्टर धन्वंतरी शुक्ला, चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चंद्रशेखर, न्यूरो सिटी के निदेशक विनायक उपाध्याय एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सरस्वती पूजन के उपरांत दीप प्रज्वलित करके किया। इस शिविर में लगभग 300 मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें उनके हृदय की जांच ईसीजी तथा शुगर की नि:शुल्क जांच की गई। इस अवसर पर न्यूरो सिटी वाराणसी के निदेशक विनायक उपाध्याय ने कहा कि अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए हॉस्पिटल परिसर में प्रत्येक बृहस्पतिवार नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाता है। न्यूरो सिटी हॉस्पिटल कम लागत में बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं देने के लिए कृत संकल्प है। अंत में कार्यक्रम संयोजक सिविल बार अध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव एवं सचिव सतीश कुमार प्रजापति ने सभी चिकित्सकों एवं मुख्य अतिथि का कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए एवं कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न करने में अपना सहयोग देने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस शिविर के सफल आयोजन में डॉ. विजय यादव, जयशंकर तिवारी, गौरव सिंह, सूर्य प्रकाश शर्मा, धीरेंद्र पाठक, शिखा, ज्योति आदि की महत्पूर्ण भूमिका रही।

### भाजपा की सरकार में समूचे विश्व में बज रहा भारत का डंका: रवींद्र कुशवाहा



**बलिया।** भारतीय जनता पार्टी ने आम जनता गांव गरीब किसान के लिए जो काम किया है आज पूरे देश में उसी काम की बदौलत कोई भी गरीब आदमी खुले आसमान के नीचे न तो सो रहा है न ही खाने के बगैर भूखा मर रहा है। उक्त बातें सांसद सलेमपुर रविंद्र कुशवाहा ने शुक्रवार को सिकंदरपुर डाक बंगला में आगामी 6 जून को यहां आयोजित होने वाले प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन की तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में आज भारत का समूचे विश्व में परचम लहरा रहा है। पूर्व मंत्री राजधारी ने कहा कि आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन काफी महत्वपूर्ण है। इसकी सफलता हेतु सभी कार्यकताओं को मिलजुल कर प्रयास करने के साथ ही इस में भाग भी लेना जरूरी है। पूर्व विधायक भगवान पाठक ने कार्यकताओं का आह्वान किया कि 6 जून को होने वाले प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें। बता दें कि लोक सभा सलेमपुर के महा संपर्क अभियान कार्यक्रम में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का आगमन 6 जून को स्थानीय जूनियर हाई स्कूल में होगा। वह महा संपर्क अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

### टीडी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना ने निकाली साइकिल रैली



**बलिया।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर टीडी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना ने साइकिल रैली निकाली। कॉलेज के प्राचार्य प्रो रवीन्द्र नाथ मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने खुद साइकिल की सवारी की। स्वयंसेवकों-सेविकाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि साइकिल चलाने से जहां पर्यावरण को शुद्ध रखने में मदद मिलती है, वहीं हमारी सेहत भी सुधरती है। रैली कॉलेज से प्रारम्भ होकर कुंवर सिंह चौराहा, बहादुर पुर आदि इलाकों में गयी। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ कौशल पाण्डेय के अलावा डॉ संजीत कुमार सिंह, डॉ ज्ञानेंद्र सिंह, डॉ रामकुमार, डॉ संतोष आदि प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं भी इस रैली में शामिल हुए। यह जानकारी प्रोफेसर जैनेन्द्र पाण्डेय ने दी है।

### संपूर्ण समाधान दिवस में सुनवाई के लिए आई 140 शिकायतें



**मऊ।** जनपद के सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अरुण कुमार के नेतृत्व में आज जनपद के सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील सदर में आयोजित तहसील दिवस पर कुल 140 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमें सर्वाधिक 78 मामले राजस्व एवं 35 मामले पुलिस विभाग से संबंधित थे। इस दौरान आई शिकायतों में से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। साथ ही 5 शिकायतों के तत्काल निस्तारण हेतु टीम गठित कर मौके पर भेजी गई। इस दौरान जिलाधिकारी अरुण कुमार ने सभी विभागाध्यक्षों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय सीमा के अंदर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण करते समय इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि उसका पूर्णत: निस्तारण हो जाए, जिससे शिकायतकर्ता को बार-बार भाग दौड़ ना करना पड़े।

## रैदा बस्ती में मार्ग पर जमे गंदे पानी से फैला संक्रामक रोग, ग्रामीणों में आक्रोश

**गाजीपुर।** मरदह ब्लाक के ग्राम पंचायत रायपुर बाघपुर के रैदा बस्ती वार्ड नंबर पांच के जाने वाले संपर्क मार्ग पर गंदा पानी के वर्षों से जल-जमाव होने से संक्रामक रोग फैलने की आशंका को लेकर नाराज ग्रामीणों और राहगीरों ने प्रधान व सचिव के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए प्रदर्शन किया। प्रर्दशन कर रहे लोगों ने बताया कि गांव में स्वच्छ भारत मिशन योजना फिसड्डी साबित हो रही है। वर्षों से हम पानी निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन कोई जिम्मेदार इसकी सुधि नहीं ले रहा था। सड़क पर जमे गंदा पानी के बीच से होकर सैकड़ों लोग आवागमन करने को विवश हैं। सड़े पानी से निकल रहे विषैले दुर्गंध से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है,आए दिन दर्जनों लोग पानी बीच गिरकर चोटिल हो रहे हैं। उसके बाद भी जिम्मेदारों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा है। जबकि पानी निकासी के लिए मुहल्ले में काफी जमीन उपलब्ध है, लेकिन नाली निर्माण न होने से समस्या जस की तस बनी हुई है। मार्ग पर जलजमाव से लोगों के कामकाज पर असर पड़ रहा है, जलजमाव होने से लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह सिलसिला निरंतर कई वर्षों से चल रहा है। पानी निकासी न होने के कारण सड़क पूरी तरह से जलमग्न हो जाती है। इससे लोग आक्रोशित होकर शुक्रवार को जलजमाव के बीच संबंधित अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी करते प्रदर्शन करने लगे। साथ ही चेताया कि अगर जल्द से जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## कार व पिकअप आमने सामने भिड़े, भीषण टक्कर में दो गंभीर

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद कोतवाली अंतर्गत मुहम्मदाबाद- चितबड़ागांव मार्ग पर हाटा पुल के पास शनिवार को कार और पिकअप में आमने - सामने टक्कर हो गई। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला चिकित्सालय मे भर्ती किया गया है। मुहम्मदाबाद की तरफ से बलिया की तरफ जा रही कार जब हाटा पुल के पास पहुंची। तभी सामने से आ रही पिकअप अनियन्त्रित होकर कार से टकरा गई और टक्कर के बाद दोनों वाहन सड़क के नीचे गड्ढे मे चली गई। कार में सवार गाजीपुर शहर के तुलसी सागर निवासी समर प्रताप सिंह और चालक वाराणसी निवासी गौरव यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पहले सीएचसी मुहम्मदाबाद पर इलाज के लिए ले जाया गया(

## कोरोना काल में विभागीय कर्मचारियों ने खड़े किए थे हाथ, तब आउटसोर्सिंग कर्मचारी ने दिया साथ

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

आउट सोर्स कर्मचारियों ने शनिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। कोरोना काल में जब भयावह स्थिति देख स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी हाथ खड़े कर लिए, तब स्वास्थ्य विभाग में लगाए गए आउटसोर्सिंग कर्मचारी पूरे मन से करोना काल में समस्याओं से जूझते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू बनाए रहे। लेकिन अब स्थितियां सामान्य हो गई।

तब इन आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को सर्विस से बाहर किया जा रहा है।इसी को लेकर शनिवार को कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्साधिकारी को अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा और समायोजित करने



की मांग उठाई। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा। इनकी समस्याओं को लेकर मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को एक लेटर भेजा।

संविदा कर्मचारियों ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान से लेकर अबतक हम लोगों ने पूरे मनोयोग से कार्य किया गया। जब जहां जरूरत पड़ी हम लोग खड़े रहे, लेकिन जैसे ही स्थिति थोड़ी सामान्य हुई, तो हम लोगों को निकाला जाने लगा। अगर हम लोगों की नौकरी चली जाएगी, तो हम लोगों को खाने के लाले पड़ जाएंगे। हम लोगों का परिवार कैसे चलेगा ? वहीं हम लोगों का परिवार भुखमरी के चलते सड़क पर आ जाएगा। इस दौरान उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष राघवेंद्र शेखर सिंह, ओंकार पांडेय, शिवम पांडेय, हर्ष कुमार सिंह, रवि शेखर गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने की नगरीय विकास अभिकरण, स्थानीय निकाय, ऑपरेशन कायाकल्प एवं पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा

# जनपद के सभी नगर पंचायतों में लंबित कार्यों को शीघ्र ही पूर्ण करें : डीएम

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में नगरीय विकास अभिकरण, स्थानीय निकाय, ऑपरेशन कायाकल्प एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की मासिक समीक्षा बैठक कैंप कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सहित अन्य नगर पंचायतों के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गई। इस दौरान नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में कुछ कार्य लंबित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को नगर पंचायतों में लंबित कार्यों को शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पात्र लाभार्थियों को कांशी राम आवास के



अलावा आवास बनाने योग्य भूमि का चिन्हीकरण कर शासन को पत्र के माध्यम से अवगत कराने के भी निर्देश दिए,जिससे नगर क्षेत्र में बेघर परिवारों को आवास बना कर दिया जा सके। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर पंचायतों के अंतर्गत आने वाले ऐसे बेघर परिवारों का चिन्हीकरण कर ले, जिससे शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उन्हें दिया जा सके। कान्हा गौशालाओं के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बजट उपलब्धता के अनुसार यथाशीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। नगरीय क्षेत्रों में स्थित परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिन विद्यालयों में लंबित कार्य हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर के निकट स्थित झील महल के सुंदरीकरण के कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को शीघ्र ही निर्माण एवम् सुंदरीकरण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को जनपद में प्लास्टिक के प्रयोग को प्रतिबंधित करने हेतु लगातार अभियान चलाते हुए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**डूडा ने पीएम स्वनिधि योजना सहित अन्य योजनाओं की दी जानकारी :** नगरीय विकास अभिकरण के कार्यों की समीक्षा के दौरान परियोजना अधिकारी डूडा ने पीएम स्वनिधि योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत आवंटित लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए अलग-अलग जगहों पर अभियान चलाकर कैम्प लगाया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक वेंडर्स को इस योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अब तक कुल स्वीकृत आवास लक्ष्य 17655 के सापेक्ष 16742 आवास का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने अवशेष सभी लक्ष्यों को शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश परियोजना अधिकारी डूडा को दिए। बैठक के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ संतोष सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा डॉ. ददन कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार सहित सभी अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।